483. हाड़ौती का सुरंगा मेला कहा जाता है-
(a) रामदेवरा मेले को (b) परबतसर मेले को
(c) पुष्कर मेले को (d) चंद्रभागा मेले को

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (d) – हाड़ौती का सुरंगा मेला चंद्रभागा मेले को कहा जाता है। यह राजस्थान के झालवाड़ा जिले में कार्तिक माह में आयोजित किया जाता है। यह ऊँट व्यापार के लिए प्रसिद्ध केन्द्र है।

484. धौलागढ़ देवी का मेला राजस्थान के किस जिले से जुड़ा है?
(a) जोधपुर (b) अलवर
(c) जयपुर (d) अजमेर

महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – धौलागढ़ देवी का मेला राजस्थान के अलवर जिले से जुड़ा हुआ है। यहा धौलागढ़ देवी का एक प्रसिद्ध मन्दिर है। जिसका निर्माण 9वीं शताब्दी में हुआ था।

485. बाणगंगा का मेला कहाँ लगता है?
(a) जयपुर जिला (b) अलवर जिला
(c) सवाई माधोपुर जिला (d) टोंक जिला

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (a) – बाणगंगा मेला राजस्थान के जयपुर जिले में लगता है। राजस्थान का बाणगंगा मेला प्रतिवर्ष वैशाख माह की पूर्णिमा के दिन बाणगंगा नदी के तट पर लगता है। मान्यता यह है कि अर्जुन के बाण से इस नदी की उत्पत्ति हुई। इसलिए अर्जुन नदी भी कहते हैं।

486. किस लोकनायक के मेले को 'साम्प्रदायिक सद्भावना' का प्रतीक माना जाता है?
(a) पाबूजी (b) गोगाजी
(c) तेजाजी (d) रामदेवजी

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (d) – राजस्थान में लोकनायक रामदेवजी के मेले को 'साम्प्रदायिक सद्भावना' का प्रतीक माना जाता है। यह मेला जैसलमेर के पोकरण के पास रामदेवरा नामक स्थान पर भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया से एकादशी तक लगता है। रामदेवजी राजस्थान के ऐसे देवता है जिनमें हिन्दू और मुसलमान दोनों ही आस्था रखते हैं। रामदेव बाबा कोढ़ तथा कष्टदायक रोगों से मुक्ति दिलाते हैं।

487. रणथम्भौर का प्रसिद्ध गणेश मेला ....में आयोजित होता है?
(a) श्रावण शुक्ल चतुर्दशी
(b) भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी
(c) कार्तिक शुक्ल चतुर्थी
(d) आश्विन शुक्ल चतुर्दशी

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (b) – रणथम्भौर के प्रसिद्ध गणेश मेले का आयोजन ''भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी'' को किया जाता है। यह भगवान त्रिनेत्र गणेश का मंदिर विश्व धरोहर सूची में शामिल है। यह मंदिर अरावली और विंध्याचल की पहाड़ियों के मध्य में स्थित है।

488. 'बैलगाड़ी मेले' के नाम से कौन सा मेला प्रसिद्ध है?
(a) कैलादेवी मेला
(b) करणीमाता मेला
(c) शीतलामाता मेला
(d) कैला देवी मेला और करणीमाता मेला दोनों

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (c) – शीतलामाता मेले को बैलगाड़ी मेले के नाम से जाना जाता है। इसका कारण है लोगों का मेला देखने के लिए बैलगाड़ी पर बैठकर आना। शीतलामाता मेला जयपुर के चाकसू तहसील में लगता है।

489. मालपुरा तहसील स्थित डिग्गीपुरी में कल्याणजी का मेला किस भगवान के स्वरूप में मनाया जाता है-
(a) भगवान विष्णु (b) भगवान शिव
(c) भगवान लक्ष्मण (d) भगवान इन्द्र

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) – राजस्थान के टोंक जिले में स्थित मालपुरा तहसील के डिग्गीपुरी में कल्याण जी का मेला भगवान विष्णु के स्वरूप में मनाया जाता है। यहां कल्याण जी का मंदिर भी है। इस मंदिर का पुनर्निर्माण राणा संग्राम सिंह ने कराया। इस मंदिर की स्थापना राजा डिग्ब ने कराया था।

490. सवाई भोज का मेला भीलवाड़ा (आसीन्द) में प्रतिवर्ष किस समय लगता है-
(a) भाद्रपद शुक्ल अष्टमी
(b) भाद्रपद शुक्ल सप्तमी
(c) भाद्रपद कृष्ण अष्टमी
(d) भाद्रपद कृष्ण सप्तमी

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (a) – सवाई भोज का मेला भीलवाड़ा (आसीन्द) में प्रतिवर्ष ''भाद्रपद शुक्ल अष्टमी'' को आयोजित किया जाता है।

491. शाहपुरा का फूलडोल मेला किस महीने में आयोजित किया जाता है?
(a) चैत्र (b) वैशाख
(c) कार्तिक (d) पौष

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (a) – शाहपुर का फूलडोल मेला चैत्र मास में मनाया जाता है। यह मेला रामस्नेही संप्रदाय द्वारा मनाया जाता है।

492. प्रसिद्ध कैला देवी मेला कहां आयोजित होता है?
(a) सवाईमाधोपुर (b) धौलपुर
(c) करौली (d) हिण्डोन
उत्तर - (c)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या—कैला देवी मेला प्रत्येक वर्ष चैत्र मास की शुक्ल अष्टमी को करौली से 20 किलोमीटर दूर त्रिकूट पर्वत की घाटी (जहां कैलादेवी का भव्य मन्दिर है) पर लगता है। लांगुरिया, कैला देवी मेले से संबंधित नृत्य है।

493. 'लांगुरिया' राजस्थान के किस मेले से संबंधित है?
(a) पुष्कर मेला (b) दशहरा मेला
(c) भर्तृहरि मेला (d) कैला देवी मेला

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam
कनिष्ठ अभियंता (विद्युत डिप्लोमा धारक)-2020
Dt. 25 March 2019)

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

494.राजस्थान का प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस माह में लगता है?
(a) अक्टूबर (b) नवम्बर
(c) फरवरी (d) मार्च
उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2003